# रिटायर्ड फौजी ने भाई-भाभी समेत पुलिस वालों पर फायरिंग की, आठ घायल

## पारिवारिक जमीनी विवाद के चलते रि. फौजी ने पड़ौस में रह रहे भाई-भाभी के घर पर फायरिंग की

**नागौर, (निसं)।** नागौर शहर के शारदापुरम इलाके में एक रिटायर्ड फौजी ने गुरुवार देर रात जमकर उत्पात मचाया। पारिवारिक जमीनी विवाद के चलते रिटायर्ड फौजी ने पहले पड़ौस में ही रह रहे भाई-भाभी के घर पर फायरिंग कर उन्हें घायल कर दिया। उसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो पुलिसकर्मियों पर गोलियां बरसा दी। घटना में फौजी के भाई-भाभी, भतीजी और एक होमगार्ड जवान समेत पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। कुल आठ व्यक्तियों को लगी गोली, सभी को जेएलएन अस्पताल पहुंचाया गया। घायल दंपती को जोधपुर रैफर कर दिया गया है। अन्य घायलों का नागौर जिला अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस ने फायरिंग करने वाले रिटायर्ड फौजी को गिरफ्तार कर लिया है।


घायलों को उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया।

- सूचना पर पहुंची पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो रिटायर्ड फौजी ने ने पुलिसकर्मियों पर गोलियां बरसा दी
- घटना में फौजी के भाई-भाभी, भतीजी और एक होमगार्ड जवान समेत पुलिसकर्मी घायल हुए
- पुलिस ने फायरिंग करने वाले रिटायर्ड फौजी को गिरफ्तार कर लिया, घायलों का इलाज जारी

नागौर पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस ने बताया कि शारदापुरम निवासी रिटायर्ड फौजी भंवरसिंह बिश्नोई ने बीती देर रात 12 बोर बंदूक से भाई के घर पर फायरिंग कर दी। आधी रात को गोलियों की आवाज सुनकर जब छोटे भाई की पत्नी गोमती ने घर का दरवाजा खोला तो एक गोली उसके हाथ में लग गई। दरवाजे के पीछे फौजी का छोटा भाई ओमप्रकाश अपनी भाभी गोमती देवी बचाने आया तो एक गोली उसे भी लग गई। दोनों के खून बहने लगा। फायरिंग के दौरान घर में मौजूद आरोपी की भतीजी ममता के भी छर्रा लग गया। इसके बाद आरोपी फौजी बंदूक हाथ में लेकर गली में टहलने लगा और फायर करने लगा। घटना की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस को देखकर आरोपी अपने घर में जाकर छिप गया, जो सामने दिखाई दे रहा था उसी पर गोलियां चलाने लगा। करीब 40 मिनट तक आरोपी इसी तरह खुले आम गली महल्ले में दहशत फैलाता रहा। पुलिस ने घटना में घायल में दंपती और युवती ममता को नागौर के जेएलएन जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद ओमप्रकाश और गोमती को जोधपुर रैफर कर दिया गया। 18 वर्षीय ममता का इलाज जारी है। इस बीच पुलिस ने आरोपी को पकड़ने की कोशिश की लेकिन अनहोनी के डर से सख्ती नहीं की, आरोपी अपने घर में ही छिपा रहा।

सुबह साढ़े चार बजे पुलिस ने पूरे दलबल के साथ आरोपी फौजी के घर पर दबिश दी तो उसने पुलिसकर्मियों पर फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग में हैड कांस्टेबल हनुमान राम (53), हैड कांस्टेबल मदन गोपाल (45), कांस्टेबल रिद्धकरण (36), कांस्टेबल सतीश (32) और होमगार्ड ओमप्रकाश (29) गोलियां व छर्रे लगने से घायल हो गए। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया।

आरोपी रिटायर्ड फौजी को राउंडअप कर लिया गया है। आरोपी का अपने भाईयों से प्लॉट को लेकर कोई विवाद चल रहा था। गुरूवार देर रात उसने शराब पीकर लाइसेंसी 12 बोर बंदूक से फायरिंग कर दी। आरोपी के परिजनों का कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिसकर्मियों पर फायरिंग का मुकदमा भी दर्ज कर लिया जाएगा।

# ट्रेन की चपेट में आने से किशोर समेत तीन युवकों की मौत

**सपोटरा/करौली/गंगापुर सिटी, (नि.सं.)।** समीपवर्ती गांव निमोदा स्टेशन के पास रेलवे ट्रेक के सहारे सहारे पैदल रणथम्भोर के लिए जा रहे तीन पदयात्रियों की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक गंगापुर से रणथंभौर पदयात्रा पर जा रहे थे। बारिश के कारण जगह-जगह जलभराव के कारण तीनों रेलवे ट्रैक से होकर जा रहे थे।

- बारिश से जगह-जगह जलभराव होने से रेलवे ट्रेक के सहारे पैदल रणथम्भौर जा रहे थे

नारौली डांग पुलिस चैकी प्रभारी अबजीत कुमार ने बताया कि श्याम (14) पुत्र गुड्डू उर्फ दीपक, कालू उर्फ दर्शन (41) पुत्र रमेश, तरुण (31) पुत्र रमेश निवासी हरिजन बस्ती गंगापुर सिटी रणथंभौर में त्रिनेत्र गणेश भगवान की पदयात्रा पर जा रहे थे। इस दौरान सड़क मार्ग पर कई स्थानों पर जलभराव के चलते रेलवे ट्रैक से होकर रणथंभौर के लिए जा रहे थे। लोको पायलट ने स्टेशन मास्टर को सूचना दी। पुलिस चौकी प्रभारी ने बताया कि गुरुवार रात करीब 11 बजे नीमोदा स्टेशन के पास ट्रैक से गुजर रही ट्रेन की चपेट में आ गए। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी लोको पायलट ने नीमोदा स्टेशन मास्टर को दी। स्टेशन मास्टर ने घटना की जानकारी नारौली पुलिस को दी। सूचना पर नारौली डांग पुलिस मौके पर पहुंची और मृतकों के क्षत-विक्षत शवों को लेकर सपोटरा अस्पताल की मॉर्चूरी में रखवाया।

चौकी प्रभारी ने बताया कि तीनों कि पहचान के लिए पुलिस ने सोशल मीडिया और अन्य माध्यम से प्रयास किए। तीनों की पहचान होने के बाद उनके परिजनों को सूचना दी। शुक्रवार प्रातः मृतकों के परिजनों के सपोटरा पहुंचने पर उनकी पहचान गंगापुर हरिजन बस्ती निवासी श्याम, तरुण और कालू के रूप में हुई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया गंगापुर सिटी के वार्ड 24 के पार्षद गोपाल धामनिया ने बताया कि तरुण और दर्शन सफाई का काम करते हैं।

# युवक को बोनट पर लटकाकर गाड़ी को दौड़ाया

**सीकर, (निसं)।** सीकर में एक युवक को गाड़ी के बोनट पर लटकाकर डेढ़ मिनट तक तेज स्पीड से गाड़ी दौड़ाने का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें युवक बोनट के आगे चिल्ला रहा है। युवक का आरोप है कि पूर्व पार्षद ने जबरन उसे कार के बोनट पर डालकर गाड़ी भगा ली।

- डेढ़ मिनट तक तेज स्पीड से गाड़ी दौड़ाने का वीडियो वायरल, दोनों पक्षों की ओर से मुकदमे दर्ज
- युवक का आरोप है कि पूर्व पार्षद ने जबरन उसे कार के बोनट पर डालकर गाड़ी भगा दी

पूर्व पार्षद का कहना है कि युवक खुद कार पर लटका था। इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से सदर थाने में क्रॉस मुकदमे भी दर्ज कराए गए हैं। इस मामले में आज युवक और उसके साथ अन्य लोगों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा और मामले में कार्रवाई की मांग की। पुलिस का कहना है कि दोनों तरफ से मुकदमे दर्ज हैं जांच के बाद स्थिति साफ होगी। वार्ड 18 गौशाला के पीछे नेहरू पार्क के पास के रहने वाले युवक सुरेंद्र सैनी का आरोप है कि गुरुवार को उसकी मां व चाची घर के बाहर गायों को पानी पिला रही थी। तभी पूर्व पार्षद विजय शर्मा आया और दोनों महिलाओं से गाली-गलौच करने लगा।

पूर्व पार्षद ने उसकी चाची को कार से टक्कर मारी और जाति सूचक गालियां दी। सुरेंद्र को जब उसकी चाची ने फोन कर घटना के बारे में बताया तो सुरेंद्र अपने चाचा के बेटे सुनील के साथ घर की तरफ आया। पूर्व पार्षद विजय शर्मा दोनों युवकों को देखते ही उनसे मारपीट करने लग गया। जिसके बाद सुरेंद्र सैनी को अपनी गाड़ी के बोनट पर डालकर तेज स्पीड से गाड़ी भाग ले गया और सालासर रोड से होते हुए नेहरू पार्क के पास पटक दिया। उधर पूर्व पार्षद का कहना है कि युवक खुद उनकी गाड़ी के आगे लटका था। बड़ी संख्या में सुरेंद्र और उसके साथ आसपास के लोग एसपी ऑफिस पहुंचे और ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग की। पुलिस का कहना है की जांच के बाद पूरी स्थिति साफ होगी।

# दो बच्चों की मां ने फंदा लगाकर आत्महत्या की

**डूंगरपुर, (निसं)।** रामसागडा थाना क्षेत्र के आडीवाट गांव में दो बच्चों की मां ने अपने घर में फंदा लगा आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

- महिला के डेढ महीने पहले पैदा हुई थी दूसरी संतान, आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हुआ, जांच शुरु

रामसागडा थाने के हेड कांनि. गिरीराज सिंह ने बताया कि मीरा कटारा ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया की मीरा ने पांच साल पहले अपनी बेटी रेखा की शादी आडीवाट निवासी लक्ष्मण भगोरा से करवाई थी। उसकी दो संतान हैं। उन्होंने बताया कि डेढ़ माह पहले ही बेटी रेखा के दूसरी संतान पैदा हुई थी, जिसके चलते वह अपनी बेटी के पास उसकी देखभाल के लिए गई थी। वह बाथरूम में कपड़े धो रही थी। इस दौरान बच्चे के रोने की आवाज सुनकर कमरे में गई तो उसकी बेटी रेखा फंदे से लटकी हुई थी। घटना की सूचना पर मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में पहुंचाया, जहां पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# एसीबी ने रसद निरीक्षक से 1.76 लाख रूपये जब्त किये

## रसद निरीक्षक दिनेश चौबे के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कोटा, (निसं)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। जिले में पदस्थापित रसद विभाग के प्रवर्तन निरीक्षक के पास से टीम ने एक लाख 76 हजार रुपए बरामद किए। साथ ही बरामद राशि को जब्त कर आरोपी रसद निरीक्षक से पूछताछ की जा रही है। एसीबी ने इस मामले से उच्चाधिकारियों को भी अवगत करा दिया है। आरोपी रसद निरीक्षक दिनेश चौबे के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

- एसीबी ने मामले से उच्चाधिकारियों को भी अवगत कराया

एसीबी कोटा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय स्वर्णकार ने बताया कि दिनेश चौबे उनके पास से बरामद हुई राशि के संबंध में कोई जानकारी नहीं दे पाए हैं। जबकि एसीबी के पास गोपनीय इनपुट था कि वो राशन डीलरों से अवैध वसूली कर राशि को जयपुर अपने निवास पर ले जाते हैं। इसी के आधार पर एसीबी ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। एसीबी कोटा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय स्वर्णकार ने बताया कि उन्हें गोपनीय सूत्रों से सूचना मिली थी कि हाल ही में निरीक्षक से पदोन्नत प्रवर्तन अधिकारी दिनेश चौबे बारां जिले में राशन डीलरों से अवैध वसूली करते हैं। इस राशि को एकत्रित करके वे अपने निवास जयपुर ले जाते हैं। इसके बाद एसीबी ने शुक्रवार को अचानक से इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

इस संबंध में दिनेश चौबे के बारां से भारी धनराशि लेकर जयपुर जाने की सूचना मिली। एसीबी टीम ने पुलिस निरीक्षक देशराज को रेलवे स्टेशन पर भेजा जहां उन्होंने दिनेश चौबे की आकस्मिक चेकिंग की। इस दौरान उनके पास से एक लाख, 76 हजार रुपए बरामद हुए। बरामद राशि को लेकर चौबे की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिए जाने पर राशि को जब्त कर उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। फिलहाल दिनेश चौबे से पूछताछ की जा रही है। चौबे बारां से ट्रेन के जरिए कोटा पहुंचे थे और कोटा से जयपुर जाने की योजना थी।

# झाड़ियों के बीच मिट्टी में दबा मिला युवती का शव

**डूंगरपुर, (निसं)।** कोतवाली थाना क्षेत्र के खुमानसागर बांध रपट में जंगली झाड़ियों के बीच शुक्रवार को मिट्टी दबी एक युवती का शव मिला। सुबह बांध पर कपड़े धोने के लिए गांव की महिला ने मिट्टी के बाहर पैर देखकर इसकी जानकारी ग्रामीणों और सरपंच को दी। शव मिलने की सूचना पर मौके पर भारी संख्या में ग्रामीणों को भीड़ जमा हो गई।

मौके बिलडी पूर्व सरपंच बद्रीप्रसाद और मांडवा पूर्व सरपंच नरेश बारिया भी मौके पर पहुंचे तथा इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलने पर मौके डूंगरपुर डिप्टी राजकुमार राजौरा व कोतवाली थानाधिकारी भगवानलाल मय जाब्ता मौके पर पहुंचे तथा मौका मुआवना किया। मौके पर रपट के नीचे औधे मुंह शव पड़ा हुआ था।


खुमान सागर बांध की रपट के नीचे झाड़ियों के बीच दबा मिला युवती का शव, जांच करती पुलिस।

शव का ऊपरी भाग मिट्टी में धंसा हुआ था तथा पैर वाला हिस्सा बाहर ओर दिखाई दे रहा था। शव तीन से चार दिन पुराना होने से बदबू मार रहा था। पुलिस ने शव को बाहर निकालकर जिला अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया गया। फिलहाल पुलिस मृतक युवती की पहचान में जुटी हुई है।

# ट्रेलर सहित 58 टन बजरी जब्त

**खेतड़ी, (निसं)।** मेहाड़ा पुलिस ने अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए देर शाम को एक ट्रेलर को जब्त कर 58 टन बजरी बरामद की है। इस दौरान पुलिस को देखकर ट्रेलर ड्राइवर सड़क पर ही गाड़ी छोड़कर फरार हो गया।

थानाधिकारी सरदारमल चौधरी ने बताया कि मेहाड़ा के खनन क्षेत्र में अवैध खनन पर रोक लगाने को लेकर पुलिस की ओर से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि खनन क्षेत्र से अवैध खनन कर डंपर व ट्रेलर भरकर लाए जा रहे हैं। एसपी प्रवीण कुमार नायक के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया तथा मामले में प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान पुलिस ने मेहाड़ा से खेतड़ी जाने वाली सड़क पर नाकाबंदी कर खनन क्षेत्र से आ रहे वाहनों की जांच की गई। इस दौरान बसई की ओर से आ रहे डंपरों को रूकवाकर तलाशी ली गई। इस दौरान एक ट्रेलर में अवैध रूप से लाई जा रही बजरी के दौरान ड्राइवर पुलिस को देखकर सड़क पर ही गाड़ी छोड़कर भाग गया।

# पुष्कर में भारी बरसात, निचली बस्तियों में बाढ़ जैसे हालात

**पुष्कर, (निसं)।** पुष्कर में शुक्रवार को एक बार फिर इंद्रदेव जमकर मेहरबान हुए और लगातार दो घंटे तक भारी बारिश हुई। बारिश से पुष्कर सरोवर के जलस्तर ने एकबार फिर इस सीजन के रिकॉर्ड 27 फीट की बराबरी कर ली। शुक्रवार को हुई बारिश से पुष्कर सरोवर में करीब 7 फीट पानी की आवक हुई। सुबह साढ़े नौ बजे शुरू हुआ बारिश का सिलसिला साढ़े 11 बजे तक चलता रहा।लगातार हुई बारिश से इस सीजन में 5 अगस्त के बाद दूसरी बार छोटी और बड़ी पुलिया से संपर्क टूट गया। पुलिया के पीछे डूब क्षेत्र की होटलों और पुष्कर की निचली बस्तियों में बाढ़ के हालात हो गए। प्रशासन की और से बचाव और राहत कार्य शुरू कर दिए गये।

शुक्रवार की बारिश से पंचकुंड, कपिल कुण्ड, अगस्त मुनि, वामदेव, गाजबाज, जमनीकुंड सहित सभी नाहरोल से पानी चला जिससे पुष्कर फीडर, सावित्री फीडर, खरेकडी फीडर से पुष्कर सरोवर में पानी की बम्पर आवक हुई। तीर्थ पुरोहितों ने बताया कि यदि एक दो दिनों में ऐसी एक और बारिश हुई तो सरोवर में पानी की आवक का 1975 का रिकॉर्ड टूट सकता है।

- सरोवर में 7 से 8 फीट पानी आया

**डूब क्षेत्र और निचली बस्तियों में बाढ़ जैसे हालात :-** पुष्कर में आज हुई लगातार दो घंटे की बारिश से 5 अगस्त के बाद आज एकबार फिर डूब क्षेत्र और निचली बस्तियों में बाढ़ के हालात हो गए। डूब क्षेत्र की होटलों, खेतों और घरों में पानी घुस गया। खतरे को देखते हुए लोगों ने सुरक्षित स्थानों की और रुख कर लिया। वहीं वराह घाट के आसपास, सावित्री मार्ग, पुराने मंदिर के पास, गुरुद्वारों के पास और माली मोहल्ले में पानी घरों और दुकानों में प्रवेश कर गया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के पास मुख्य राजमार्ग पर जलभराव से आवागमन बाधित रहा। गुरुद्वारे के पीछे भी वाहनों की आवाजाही बंद हो गयी।

लगातार बारिश के बाद पुष्कर के डूब क्षेत्र में हालात बिगड़ते लगे। इसके बाद पुष्कर उपखंड अधिकारी निखिल कुमार पोद्दार ने सिविल डिफेंस टीम के साथ हालातों का जायजा लिया और बचाव और राहत कार्य के लिये आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। पुलिया के आसपास की होटलों को खाली कराया गया। इस दौरान सिविल डिफेंस टीम के किशन गोपाल जाट, राधेश्याम माली, सुरेंद्र गुर्जर और नरेश दगदी मौजूद रहे। बारिश के कारण बिगड़े हालातो के बाद आज एक बार फिर नागरिक सुरक्षा दल की टीम ने मोर्चा संभाला। टीम के इंचार्ज किशनगोपाल चौधरी ने छोटी पुलिया के पीछे गहरे पानी में फंसे दो श्वानों को बचाने के लिये अपनी जान दाव पर लगा दी। उन्होंने गहरे पानी में जाकर अकेले ही दो श्वानों को पानी के बाहर सुरक्षित निकाला।

# बुजुर्ग महिला से बदमाश गहने लेकर फरार

## पीड़ित महिला ने थाने में बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया

**अजमेर, (कासं)।** क्रिश्चियन गंज थाना क्षेत्र में बुजुर्ग महिला से ठगी का मामला सामने आया है। दो शातिर बदमाशों ने बुजुर्ग महिला को झांसा देकर बातों में उलझाया और सोने के जेवरात उतरवाकर फरार हो गए। पीड़ित महिला ने थाने में बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश में जुट गई है।

- पीड़ित बुजुर्ग महिला सुबह घर से मॉर्निंग वॉक पर निकली थी

क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार केशव नगर निवासी माया यादव ने दो शातिर ठगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज रिपोर्ट में पीड़ित बुजुर्ग महिला ने बताया कि शुक्रवार सुबह वह अपने घर से मॉर्निंग वॉक पर निकली थी, बीच रास्ते में दो युवक मोटरसाइकिल पर आए और उसे रोक लिया और एक डॉक्टर के बारे में पूछा जिस पर उसने मना कर दिया। पीड़िता ने बताया कि दोनों युवकों ने उसे बातों में उलझाया। एक युवक ने उससे कहा कि उसके माथे की लकीरें बता रही कि तुम्हारा बेटा बीमार है। घर के अंदर किसी की मृत्यु होने की संभावना है।

बाद में उसे उपाय बताने का झांसा देकर विश्वास में ले लिया। इसके बाद युवक ने गले से चेन और हाथ के कंगन व अंगूठी उतार के दूसरे आदमी को देने के लिए कहा था, लेकिन उसने मना कर दिया। एक युवक ने उसके हाथ से सोने के चेन, कंगन और अंगूठी उतार कर कहा कि 50 कदम आगे जाकर वापस आओ जब वह वापस पहुंची तो दोनों गायब हो गए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# कोटा के नितिन सैनी ने 'नॉर्थ केप-4000' पूर्ण की

## यह इवेंट, यूरोप के 7 देशों में 4200 किमी की साइकिल यात्रा के लिए प्रसिद्ध है

**कोटा, (निसं)।** कोटा के साइकिलिंग प्रेमी नितिन सैनी ने अपनी अद्वितीय क्षमता और साहस का परिचय देते हुए नॉर्थ केप 4000 साईकिलिंग इवेंट को सफलतापूर्वक पूरा किया है। यह इवेंट, यूरोप के 7 देशों में 4200 किमी की साईकिल यात्रा के लिए प्रसिद्ध है। 4200 किलोमीटर के अनसपोर्टेड बाय साईकिलिंग एडवेंचर का यह सातवां संस्करण था, जिसमें विभिन्न देशों के टॉप 300 साईक्लिस्ट ने भाग लिया और विश्व के 150 लोग सहित कोटा के 42 वर्षीय नितिन सैनी ने इसे सफलतापूर्वक पूर्ण किया है।

नितिन सैनी ने बताया कि यह 20 दिन की अत्यंत चुनौतीपूर्ण, लंबी दूरी की साईकिल रेस की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता है। यह रेस इटली के रोवरेटो से प्रारंभ होकर ऑस्ट्रिया, जर्मनी, डेनमार्क, स्वीडन, फिनलैंड होते हुए नॉर्वे के उत्तरी छोर, नॉर्थ केप तक पहुंचती है। इसके नियमानुसार प्रतिभागी किसी भी प्रकार की बाहरी मदद नहीं ले सकता है और उन्हें निर्धारित समय सीमा 20 दिन में नॉर्वे के नॉर्थ केप पहुंचना था। विभिन्न यूरोपीय देशों से होकर गुजरती अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता का सफल बेहद चुनौतीपूर्ण रहा। विविध मौसम परिस्थितियां, पहाड़, मैदान, तटीय क्षेत्र, लंबी दूरी और शारीरिक थकान की चुनौतियों से इसका सामना करना पड़ा। शारीरिक मजबूती, मानसिक दृढ़ता, साईकिलिंग प्रेम, सहनशक्ति, रणनीति और साहस व अनुभव के दम पर इस रेस की चुनौतियों को पूर्ण कर सका। नितिन सैनी ने बताया कि यात्रा के दौरान उन्होंने 36,000 मीटर की ऊँचाई को पार करते हुए पहाड़ों, घाटियों और ठंडी हवाओं का सामना किया। 20 दिन के सफर में 35 डिग्री के तापमान से लेकर 05 डिग्री के तापमान तक में साईकिलिंग की। दिन और रात में साईकिलिंग कर 4200 किमी की यात्रा को पूर्ण किया। इस सफर में कभी खाना के लिए भोजन तो रात में नींद को भी छोड़ना पड़ा। 20 जुलाई को इटली के रोवरेटो में प्रारंभ हुई यात्रा 10 अगस्त को नॉर्वे के नॉर्थ केप पहुंचकर पूर्ण हुई। इस चुनौतीपूर्ण साईकिल यात्रा पूर्ण करने में परिवार उनकी हिम्मत व प्रेरणा रहा। उन्होंने पिता ईश्वर लाल सैनी के मार्गदर्शन व अटूट विश्वास एवं पत्नी अंशु सैनी द्वारा समय-समय पर दिए गए हौसले एवं सलाह व हमेशा पीछे खड़े रहने की ताकत को सफलता का राज बताया।

- कोटा के साइकिलिंग प्रेमी नितिन सैनी का सपना साकार, सात देशों में 4200 किमी की साइकिल यात्रा पूर्ण की

ईश्वरलाल सैनी ने बताया कि इस यात्रा के दौरान एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया, जिसमें कोटावासियों पूरी यात्रा में नितिन के अनुभवों को साझा करते रहे और उसका हौसला बढ़ाते रहे। ग्रुप में निरंतर सदस्यों की संख्या बढ़ती रही और लोग नितिन के जज़्बे की तारीफ कर उसका हिम्मत बढ़ाते रहे। जब नितिन कोटा वापस लौटे, तो उनका भव्य स्वागत किया गया। उनके दोस्तों, परिवार और साईकिलिंग समुदाय के सदस्यों ने उनका अभिनंदन किया और उनकी इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। कोटा के लिए यह एक गर्व का क्षण है, जब नितिन सैनी ने अपनी मेहनत, दृढ़ संकल्प और जुनून से नॉर्थ केप 4000 जैसी कठिन चुनौती को पूरा किया। उन्होंने न केवल अपने शहर बल्कि पूरे देश का नाम विश्व पटल पर अंकित किया है।


कोटा के नितिन सैनी ने इटली के रोवरेटो में प्रारंभ हुई यात्रा को नॉर्वे के नॉर्थ केप पहुंचकर पूर्ण किया।